एक नजर में

जहां विनय है, वहीं धर्म है : साध्वी अर्हमवृता

पिपलिया मण्डी। धर्म की आधारशिला विनय है, विनय के बिना धर्म की कल्पना नहीं की जा सकती। सभी जीवों के प्रति सम्मान, करुणा और विनम्रता का भाव रखना ही सच्चे धर्म का स्वरूप है। अहंकार मनुष्य के आध्यात्मिक विकास में सबसे बड़ी बाधा है और उसका त्याग ही सबसे बड़ा त्याग माना गया है। धर्मशास्त्रों में भी स्पष्ट रूप से कहा गया है कि जहां विनय है, वहीं धर्म है। उक्त विचार साध्वी अर्हमवृता ने पिपलिया प्रवास के दौरान अमृतलाल चौधरी के निवास पर आयोजित व्याख्यान में कही। साध्वीजी ने कहा कि वर्तमान समय में मनुष्य भौतिक सुख-सुविधाओं की दौड़ में स्वयं को भूलता जा रहा है। जीवन में शांति, संतोष और आत्मिक सुख तभी प्राप्त हो सकता है, जब व्यक्ति अपने भीतर झांके और प्रतिदिन आत्म-अवलोकन करे। उन्होंने कहा कि दूसरों के दोष देखने के बजाय स्वयं के गुण-दोषों का चिंतन करना चाहिए। आत्ममंथन और आत्मसुधार के माध्यम से ही जीवन को सही दिशा दी जा सकती है। प्रवचन के दौरान साध्वी ने जीवनशैली को सरल और व्यवहारिक उदाहरणों के माध्यम से समझाया। उन्होंने बताया कि आधुनिक जीवन में व्यक्ति बाहरी उपलब्धियों के पीछे भाग रहा है, जबकि वास्तविक सुख आत्मिक उन्नति में निहित है। उन्होंने जीवन को चार महत्वपूर्ण सूत्रों ऑडिटिफिकेशन, इन्विटेशन, सिम एवं एटीएम के माध्यम से समझाते हुए कहा कि व्यक्ति को समय-समय पर अपने विचारों, व्यवहार और कार्यों का आकलन करना चाहिए तथा सकारात्मक सोच को जीवन में आमंत्रित करना चाहिए। अच्छे संस्कार और सद्विचार ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रात: मंदिरजी में आयोजित सकल संघ के साथ हुआ। इसके पश्चात साध्वीजी अमृतलाल चौधरी के निवास पर पहुंचीं, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उनका वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। संचालन वीरेन्द्र (राजू) चौधरी ने किया। आभार राजेन्द्र राणावत ने आभार माना। बही तीर्थ अध्यक्ष अशोक कुमठ ने बताया कि बुधवार को कुमठ विला में भक्ताम्बर पाठ एवं विशेष धार्मिक प्रवचन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में भक्ताम्बर स्तोत्र की विभिन्न गाथाओं के आध्यात्मिक, धार्मिक एवं स्वास्थ्य संबंधी महत्व पर विस्तृत विवेचन किया जाएगा। कुमठ ने बताया जाएगा कि भक्ताम्बर की गाथाओं के नियमित पाठ से मानसिक शांति, आत्मबल और सकारात्मक ऊर्जा की प्राप्ति किस प्रकार होती है।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के पश्चात साध्वी मंडल का मंदसौर की ओर विहार प्रस्तावित है। उन्होंने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

इनरव्हील क्लब की अंजना पटेल अध्यक्ष, अल्पना सिंह राठौड़ सचिव मनोनीत

मन्दसौर। इनर व्हील क्लब मंदसौर जिला 304 के आगामी वर्ष 2026-2027 के लिए क्लब नॉमिनेशन कमेटी ने सर्वसम्मति से नवीन कार्यकारिणी घोषित की है जिसमें अध्यक्ष अंजना पटेल एवं सचिव अल्पनासिंह राठौ? को मनोनीत किया गया है।

इसकी जानकारी देते हुए क्लब अध्यक्ष हेमा हिंग? ने बताया कि ागामी कार्यकारिणी में कोषाध्यक्ष शशि झलोया, आईएसओ मे?र उषा कुमावत, एडिटर डॉ. वंदना चौधरी एवं आईपीपी हेमा हिंग?, उपाध्यक्ष सोनिया खिमेसरा एवं साक्षी जैन, सहसचिव इंदिरा तोमर को मनोनीत किया है। परामर्शदाता निर्मला मेहता, लीला भंडारी, आशा काबरा, डॉक्टर उर्मिला तोमर, बीनू किमती, प्रीति छाब?ा, मधु उकावत, संचालन मंडल मधु मित्तल, प्रियंका सोनी, किरण भामावत, रचना दोशी, रानी राठौर को मनोनीत किया हैं। क्लब के सदस्यों ने सभी नवमनोनीत पदाधिकारियों को बधाई दी है।

बोट से नदी के बीच पहुंचकर दशोरा प्रश्नोरा नागर समाज ने किया कुलदेवी पूजन

▶ देशभर से पहुंचे समाजजन, सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस व एसडीआरएफ रही मुस्तैद

मंदसौर। दशोरा प्रश्नोरा नागर समाज के वार्षिक कुलदेवी पूजन महोत्सव मेंविभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। इस अवसर पर मध्यप्रदेश के उज्जैन, इंदौर, देवास, भोपाल, खरगोन, खंडवा, बड़वानी, हरदा एवं नर्मदापुरम सहित छत्तीसगढ़, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र और उत्तराखंड से श्रद्धालु मंदसौर पहुंचे।

कार्यक्रम की शुरुआत 20 जून को कुलदेवी मंदिर निर्माण को हाल ही में खरीदी गई भूमि पर जलाभिषेक के साथ हुई। पं. पुलकित नागर के सान्निध्य में संपन्न इस आयोजन के बाद पशुपतिनाथ रेस्ट हाउस में विवाह योग्य युवक-युवतियों तथा तलाकशुदा, विधवा एवं विधुर समाजजनों का परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन बड़वानी जिलाध्यक्ष सुनील गुप्ता और रवि नागर के सहयोग से हुआ।

भगवान आशुतोष पशुपतिनाथ (हाटकेश्वर महादेव) के अभिषेक-पूजन के साथ मुख्य कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इसके बाद समाजजन शिवना नदी तट स्थित बड़े पुल के नीचे छोटी रपट के पास एकत्रित हुए, जहां से एसडीआरएफ की तीन नावों के माध्यम से श्रद्धालुओं को नदी के मध्य स्थित टापू तक पहुंचाया गया। यहां पिछले लगभग 800 वर्षों से विराजित कुलदेवी की प्रतिमाओं का चोला-श्रृंगार एवं विधिवत पूजन-अर्चन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नाथद्वारा विधायक महाराणा विश्वराज सिंह मेवाड़ रहे। विशिष्ट अतिथियों में नगर पालिका अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, क्षेत्रीय पार्षद सुनीता भावसार एवं शहडोल के डेयरी उद्योगपति बालकृष्ण गुप्ता शामिल रहे। मंच पर पूजन समिति अध्यक्ष दामोदर सुगंधी एवं समाज प्रवक्ता आनंद दशोरा भी उपस्थित थे।

स्वागत उद्बोधन में कुलदेवी ट्रस्ट अध्यक्ष दिनेशचंद्र दशोरा ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा ग्राम बोहराखेड़ी-अलावदाखेड़ी के समीप कुलदेवी मंदिर निर्माण के लिए भूमि क्रय कर ली गई है तथा शीघ्र ही भव्य मंदिर निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। इस अवसर पर महाराणा विश्वराज सिंह मेवाड़ ने भूमि दानदाताओं का दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मान किया। ट्रस्ट अध्यक्ष दिनेशचंद्र दशोरा ने समाज के समर्पित कार्यकर्ता और प्रवक्ता जयेश नागर का भी सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन ट्रस्ट सचिव रविन्द्र गुप्ता (सेगांव) एवं संजीव गुप्ता (जुलवानिया) ने किया।

योग दिवस के साथ फादर्स-डे भी मनाया

भानपुरा। श्रीमती कमला सकलेचा ज्ञान मंदिर में आज पूरे हर्ष एवं उल्लास के साथ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस व फादर्स डे मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या अर्चना सिंह ने सभी शिक्षक, अभिभावक एवं विद्यार्थियों के साथ योग करवाया।

खेल शिक्षक दारा सिंह एवं कमल मीणा के निर्देशन में योग साधना की गई। इस वर्ष कक्षा दसवीं बोर्ड में 80त्न से ऊपर अंक लाने वाले विद्यार्थियों को भी उनके अभिभावकों के साथ आमंत्रित किया गया था। सभी विद्यार्थियों को प्राचार्य ने सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया तथा उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम पर संतोष जाहिर करते हुए

कहा कि विद्यालय इसी तरह से अच्छे परिणाम के लिए भरसक प्रयास करता रहेगा। उन्होंने विद्यालय में ए आई लेब के शुभारंभ की बात भी कहीं। अभिभावकों के लिए योग के साथ-साथ अन्य खेल की व्यवस्था भी की गई। इस अवसर पर कई वरिष्ठ नागरिक एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

क्षत्रिय डांगी समाज करेगा प्रतिभा सम्मान

मंदसौर। अखिल भारतीय क्षत्रिय डांगी समाज युवा संघ, जिला मंदसौर-नीमच के तत्वावधान में समाज को संगठित और सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक विशेष अभियान की शुरुआत की गई है। इस अभियान के तहत समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने विभिन्न गांवों का दौरा कर समाज बंधुओं के साथ व्यापक चर्चा की।

समाज सेवी रायसिंह डांगी सूर्य नगर अफजलपुर ने जानकारी देते हुए बताया कि समाज की एकता को मजबूती प्रदान करने, वरिष्ठ जनों का मार्गदर्शन लेने और प्रतिभाशाली युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए आगामी समय में एक भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा।

इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए टीम द्वारा बोलियां, तरकांणी, विसन्या, डाग बंगला, गुराडीया गोंड और कोटड़ा माता सहित अनेक गांवों में पहुंचकर जनसंपर्क किया गया। इन बैठकों के दौरान युवाओं को आगे आने और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझने के लिए जागरूक किया गया। गांव-गांव में संगठन को मजबूत करने की इस मुहिम को गति देने के लिए समाज बंधुओं ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि रविवार को लच्छाखेड़ी, सूर्य नगर अफजलपुर और गुदियाना में भी विशेष बैठकें आयोजित की जाएंगी। तरकांणी, बोलियां, गुराडीया गोंड, विसन्या और कोटड़ा माता में बैठकों में समाज केवरिष्ठ बंधु उपस्थित रहे।

थोड़े समर्पण से ही प्रसन्न हो जाते हैं प्रभु : पं. भीमाशंकर

मन्दसौर। मनुष्य की भूख कभी शांत नहीं होती सब कुछ प्राप्त होने के पश्चात भी वह प्रसन्न नहीं होता उसके जीवन में हमेशा एक ना रिक्तता बनी रहती है जबकि भगवान को थोड़ा भी अर्पण कर दिया जाए तो वह प्रसन्न हो जाते हैं। उन्होंने उदाहरण दिया कि किसी मनुष्य को कोई कपड़े भेंट दिए जाएं और वह छोटे दे दिए जाएं तो वह क्रोधित हो जाता है वहीं ईश्वर को लच्छे का एक टुकड़ा समर्पित किया जाता है तो वह प्रसन्नता से उसे स्वीकार कर लेते हैं।

उक्त विचार व्यक्त करते हुए प्रसिद्ध भागवत प्रवचनकार पंडित भीमाशंकर जी शास्त्री ने काकरवां बालाजी मंदिर परिसर में भागवत प्रवचन की श्रृंखला में कहा कि अपने जीवन में त्याग तथा सरलता को स्थान देने से जीवन अत्यंत ही प्रसन्नता से भर जाता है ऐसे मनुष्य के जीवन में कोई रिक्तता या खालीपन नहीं होता। उन्होंने भारत माता शब्द के संदर्भ में कहा कि दुनिया के किसी भी देश के नाम के आगे मदर या फादर नहीं लगता लगता क्योंकि वे देश अपने देश को सिर्फ भूमि का एक टुकड़ा मानते हैं किंतु विश्व में भारत ही ऐसा देश है जो अपने देश को भारत माता कहता है क्योंकि यहां के निवासी भारत को केवल भूमि का टुकड़ा नहीं बल्कि माता का दर्जा देकर सदैव उसकी वंदना करते हैं।कथा समापन के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी मंदसौर के पूर्व अध्यक्ष मानसिंह माच्छोपुरिया, पूर्व कार्यालय मंत्री रमेशचन्द्र चन्द्रे,भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष नरेंद्र पाटीदार ने पोथी पूजन किया इसके पश्चात स्थानीय संचालन समिति के ब्रह्मानंद पाटीदार, विनयसिंह श्रीमाल,श्रवण सिंह पेटलावद द्वारा आगंतुक अतिथियों का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया।

घनश्याम पाटीदार जनकपुर, रमेश पटेल, बालकृष्ण पाटिल, दशरथ पाटीदार, रामदयाल गुर्जर, देवीलाल दलोदा, मांगीलाल गुर्जर, रामलाल धाक? फतेहग?, बसंतीलाल मालवीय, जिला पंचायत सदस्य विजय कुमार महेश्वरी शिक्षक रिंगनोद आदि उपस्थित रहे। आस पास के लगभग 15 गांव के लोगों की बड़ी भीड़ उमड रही है। कांकरवां बालाजी के ट्रस्टी इंजीनियर बालूसिंह सिसोदिया द्वारा भक्तों को नुकती प्रसाद का वितरण किया गया।

अखिल भारतीय जैन दिवाकर विचार मंच का पारिवारिक मिलन समारोह

मन्दसौर। स्थानीय तीन छतरी बालाजी मंदिर परिसर में अखिल भारतीय जैन दिवाकर विचार मंच परिवार का मिलन समारोह सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम गुरुदेव की प्रार्थना हुई एवं मंगलाचरण रेणु खटोड़, सपना नाहर ने प्रस्तुत किया। मुख्य मंचासीन अतिथि नरेंद्र रांका, पारसमल कटारिया, सोमिल नाहटा, प्रवीण नाहटा, नीलम वीरवाल, पवन पोरवाल एचएम उपस्थित थे।

स्वागत भाषण संस्थापक अध्यक्ष आशीष चौर?या द्वारा दिया गया। सोमिल नाहटा ने गुरुदेव दिवाकर के बारे में विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर दिवाकर मंच के पदाधिकारी अजित खटो?, अंकित जैन, महावीर जैन, राजेश जैन एडवोकेट, सुनिल दख, संजय पोरवाल, तेजमल गांधी, जगदीश सावरिया, राजमल गांधी, पवन मोगरा, दिनेश सुराणा, महेश नाहर, अरुण पामेचा, संजय श्रीमाल, धर्मेंद्र परिहार, अजय खटो?, मनीष रामभरोसे, संजय कटारिया, दिलीप वोरा, महेन्द्र जैन, राजेंद्र जैन, विमल भंडारी, मनीष लसो?, सूरेश, अमित चोप?ा, निलेश पामेचा, दर्श जैन, राजेश जैन, नीतेश पामेचा, सुनिल चौधरी, डॉ सुरेश खिंदावत, सज्जन वीरवाल, संजय खिंदावत, तुषार जैन, दर्श पोरवाल, दीपांशु दख, चिंटू जैन एवं दिवाकर मंच महिला मंडल की अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

सकारात्मक ऊर्जा के लिए औषधीय पौधे जरूरी : कुमठ

पिपलिया मण्डी। तन को स्वस्थ रखने के साथ-साथ मन को स्वस्थ रखना भी अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि दूषित मन ही शरीर में अनेक बीमारियों को बढ़ावा देने का कार्य करता है। घर का वातावरण शुद्ध एवं सकारात्मक बनाए रखने के लिए प्रत्येक घर में औषधीय पौधे लगाना जरूरी है।

यह बात आरोग्य भारती के जिला संरक्षक अशोक कुमठ ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित ‍योग से निरोग‍ कार्यशाला एवं औषधीय पौधा वितरण समारोह में कही। उन्होंने कहा कि हमारे घरों में उपयोग होने वाले कई मसाले भी औषधि का कार्य करते हैं। यदि घरों में औषधीय पौधे लगाए जाएं तो वातावरण शुद्ध होने के साथ सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और परिवार के सदस्यों का स्वास्थ्य बेहतर बना रहता है।

नीमच

एक नजर में

नीमच में कावा का 31वां स्थापना दिवस उत्साह और उल्लास के साथ मनाया

नीमच। सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र नीमच स्थित परिवार कल्याण केंद्र में क्षेत्रीय परिवार कल्याण संस्था 'कावा' का 31वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास एवं भव्यता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती अनामिका, सचिव, क्षेत्रीय परिवार कल्याण केंद्र, ग्रुप केंद्र नीमच थीं। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर महिलाओं एवं बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्होंने उपस्थित जनों का मन मोह लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में संयुक्त अस्पताल सीआरपीएफ नीमच द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन भी किया गया। डॉ. सैयदा जीनत कौसर (उप कमांडेंट) एवं उनकी टीम ने जवानों एवं उनके परिजनों की शुगर, ब्लड प्रेशर, हृदय रोग, थायराइड, अस्थमा सहित विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी जांच कर स्वास्थ्य परामर्श प्रदान किया। मुख्य अतिथि श्रीमती अनामिका ने अपने संबोधन में कहा कि कावा की स्थापना सीआरपीएफ परिवारों के कल्याण, महिलाओं के सशक्तिकरण तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से की गई है। संस्था द्वारा कंप्यूटर, इंग्लिश स्पीकिंग, करियर काउंसलिंग, सिलाई, ब्यूटीशियन, योग, कराटे, ड्राइविंग सहित अनेक प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जाते हैं। कार्यक्रम के अंत में श्री सुभाष यादव, सहायक कमांडेंट, ग्रुप केंद्र नीमच ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। समारोह में सीआरपीएफ परिसर की महिलाओं, परिवारजनों व अतिथियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

जिले की स्थापना के बाद स्वास्थ्य सुविधाओं को लगे पंख

नीमच। जिले की स्थापना के पश्चात से ही जिले की स्वास्थ्य सुविधाओ के जैसे पंख लग गए हो और निरंतर सुविधाओ का विस्तार हो रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.दिनेश प्रसाद ने बताया, कि जहॉ जिला गठन होने के समय नीमच हास्पिटल सिविल हास्पिटल था, आज वहॉ जिला चिकित्सालय के साथ ही मेडिकल कालेज संचालित हो रहा है। उस समय गिने चुने विषय विशेषज्ञ थे। आज प्रत्येक विधा में विषय विशेषज्ञ होकर जिला चिकित्सालय मेडिकल कालेज का संबन्ध अस्पताल होकर सभी शाखओं में विशेषज्ञ की सेवाए प्रदान कर रहा है। जिले की स्थापना के समय मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिीनिक का अस्तित्व नही था वर्तमान में जिले में 1 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सहित 6 शहरी मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनीक संचालित है।

इंटरनेशनल नेचुरोपैथी ऑर्गेनाइजेशन ने किया योग दर्शन से विश्व कल्याण तक संगोष्ठी का आयोजन

नीमच। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 के उपलक्ष्य में इंटरनेशनल नेचुरोपैथी ऑर्गेनाइजेशन एवं स्वाध्याय मंडल गायत्री परिवार के संयुक्त तत्वावधान में 'योग दर्शन' विषय पर भव्य विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में वरिष्ठ योग चिंतक एवं इंजीनियर बाबूलाल गौड़ ने भगवान श्रीराम के 'भक्ति योग एवं धर्म योग' से लेकर श्रीकृष्ण के 'गीता योग', महर्षि पतंजलि के 195 योग सूत्र से लेकर स्वामी विवेकानंद के शिकागो उद्बोधन तक की यात्रा का सारगर्भित वर्णन किया। इंजी. गौड़ ने कहा कि 'आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी विश्व के नेताओं को गीता भेंट करते हैं, ताजमहल नहीं, क्योंकि गीता ही वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना पैदा करती है।'

युवा वक्ता सुश्री आर्ची सक्सेना ने आज की पीढ़ी की सबसे बड़ी समस्या 'मोबाइल एडिक्शन' और आज के आधुनिक जीवन चर्या पर प्रहार करते हुए 'डोपामाइन डिटॉक्स' विषय पर प्रभावी वक्तव्य दिया।

2 मिनिट में ऊर्जा प्राप्ति के दिए टिप्स

वरिष्ठ योग प्रेमी गुणवंत गोयल ने 'योग के सामान्य लाभ' विषय पर प्रकाश डालते हुए बताया कि नियमित योगाभ्यास से शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक शांति एवं सामाजिक समरसता कैसे प्राप्त होती है। योग प्रेमी गोयल ने योग पर कहा 24 घंटे में 24 मिनट तो हम अपने लिए निकाल ही सकते हैं आपने 2 मिनट में शरीर में ऊर्जा बढ़ाने और स्वस्थ्य रहने के व्यवहारिक टिप्स भी दिए। मुख्य अतिथि कृति संस्था के अध्यक्ष ओमप्रकाश चौधरी ने योग और जीवन दर्शन पर अपनी बात रखते हुए कहा जीवन में हमें सकारात्मक दृष्टिकोण रखना चाहिए और योग हमारी प्राचीन धरोहर है।

हिंगोरिया वॉटर प्लांट में ठेकेदार की लापरवाही हुई उजागर

नीमच। शहर में दूषित पानी की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद जलकल सभापति छाया जायसवाल ने हिंगोरिया फिल्टर प्लांट का निरीक्षण किया। इस दौरान प्लांट पर गंभीर अव्यवस्थाएं और ठेकेदार की लापरवाही सामने आई, जिस पर सभापति ने सख्त निर्देश दिए। सोमवार को निरीक्षण के दौरान सभापति जायसवाल ने पाया कि शहर को पानी सप्लाई करने वाले मुख्य टैंकों के तल में भारी मात्रा में मिट्टी जमी हुई थी। इसी कारण शहरवासियों को मटमैला और दूषित पानी मिल रहा था। इसके अतिरिक्त, पानी का बहाव मापने वाले फ्लो मीटर भी बंद पाए गए। सभापति ने तत्काल बंद फ्लो मीटरों को चालू करने और टैंकों से मिट्टी हटाकर युद्धस्तर पर सफाई करने के निर्देश दिए।

राजयोग मानसिक और शारीरिक स्वस्थता बनाता है : सविता दीदी

नीमच। जहां एक और योग और प्राणायाम का अपना महत्व है वहीं दूसरी और राजयोग मेडिटेशन अपने आप में शारिरीक, मानसिक व बौद्धिक विकास के लिए संपूर्ण योग है। योग का अर्थ है दो का मिलन, राजयोग में चैतन्य आत्मा का सर्वशक्तिवान परमात्मा से मिलन होता है, जिससे व्यक्ति का निजी, पारिवारिक व सामाजिक जीवन सुख, शान्ति सम्पन्न होकर चरित्र को भी उचांईयां प्रदान करता है। उक्त विचार ब्रह्माकुमारी संस्थान की सबझोन संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने 'पावन धाम' के विशाल सद्भावना सभागार की विशाल छत पर ठंडी शीतल बयार में संध्या से रात्रि तक चली गहन राजयोग तपस्या के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किये । इस राजयोग तपस्या कार्यक्रम में दो घण्टे से अधिक संपूर्ण एकाग्रता व गहन शांति के अनुभवों के साथ बड़ी संख्या में ब्रह्मावत्सों ने शिरकत की।

पीड़ित मानवता की सेवा ही सच्ची सेवा है : मुकेश साहू

नीमच। रोटरी क्लब नीमच के नवीन सत्र 2026-27 का पदस्थापना समारोह रविवार सायंकाल मंगलम होटल एंड रिसोर्ट, मनासा रोड पर गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। समारोह में रोटेरियन युजवेन्द्र सिंह भाटिया ने अध्यक्ष, अभिषेक शर्मा ने सचिव तथा डॉ. अंतिमा भाटिया ने कोषाध्यक्ष पद की शपथ ग्रहण कर नई कार्यकारिणी के साथ कार्यभार संभाला।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं डिस्ट्रिक्ट गवर्नर 2027-28 रोटेरियन मुकेश साहू ने कहा कि रोटरी क्लब का मूल उद्देश्य पीड़ित मानवता की सेवा है।

एक नजर — **लोगों को बताया दैनिक दिनचर्या में योगाभ्यास का महत्व**

आरोग्य भारती ने दिया योग से निरोग का संदेश

नीमच। आरोग्य भारती जिला नीमच के आरोग्य मित्र योग प्रशिक्षकों एवं प्रशिक्षिकाओं ने 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में नीमच जिले में विभिन्न स्थानों पर समाजसेवी तथा शासकीय संस्थाओं के सान्निध्य में योगाभ्यास कराया तथा योग को अपनी जीवन शैली में अपनाने पर बल दिया जिसमें रामपुरा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर (गर्ग टीना गेहलोत),नीमच इंदिरा नगर (महेंद्र भटनागर), नीमच सीटीसी हाउस सरदार गेट के पास(राजमल व्यास),नीमच चिल्ड्रेंस वेल एकेडमी (अजय भटनागर), सावन हायर सेकेंडरी स्कूल(विष्णुदेव शर्मा), नीमच वीरेंद्र कुमार सकलेचा मेडिकल कॉलेज (भरत पाटीदार), नीमच जिला सत्र न्यायालय (श्वेता जोशी), लेवड़ा गोपाल गौशाला (नकुल जैन),जीरन हायर सेकेंडरी स्कूल (श्री कमलाशंकर भट्ट), नीमच अन्नपूर्णा सेवा न्यास (सतीष बंसल), नीमच पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय (श्री पुखराज साहू),मनासा मंडी प्रांगण (दिनेशचंद्र धाकड़),हांसपुर पंचायत भवन (हेमलता जी नागदा),नीमच गायत्री मंदिर परिसर(रवि पोरवाल),तलाऊ ग्राम पंचायत परिसर (श्री गौरीशंकर सेन), नीमच रोटरी क्लब नीमच राजेश जैन),,नीमच इंडियन मेडिकल एसोसिएशन नीमच (उषा नवीन जैन),,नीमच लायन डेन (श्री आनंद शर्मा), नीमच जवाहर नगर (श्री गुणवंत गोयल), किशनपुरा पंचायत (श्री रमेशचंद्र), नरसिंहपुरा पंचायत(श्री अनिल शर्मा, श्री राजमल कछावा) सावन राज राजेश्वरी वेद पाठशाला भादवमाता (श्री परशुराम पण्ड्या), घसुंडी बामनी ग्राम पंचायत भवन (श्री मनोहरलाल भारद्वाज एवं श्री रमेश नागदा) ने योगाभ्यास कराया। आरोग्य भारती जिला नीमच द्वारा जिलेभर में योग प्रशिक्षकों एवं प्रशिक्षिकाओं को मुख्य अतिथियों के कर कमलों से प्रशस्ति पत्र प्रदाय कर सम्पूर्ण क्षेत्र के नागरिकों को योग के माध्यम से स्वस्थ रहने का संदेश दिया।